# हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज होंगे

## विधानसभा में 22 हज़ार 362 करोड़ 57 लाख की अनुदान मांगें पारित

प्रशासनिक संवाददाता



**भोपाल, 26 फरवरी. स्वास्थ्य क्षेत्र के सशक्तीकरण के लिए निजी सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है. धार, कटनी, बैतूल और पन्ना में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए एलओए जारी किए जा चुके है. कुल 13 जिलों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य प्रगतिरत है. शीघ्र ही हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज संचालित होंगे. इससे आगामी समय में पर्याप्त चिकित्सक और विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे.**

यह जानकारी गुरुवार को सदन में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दी. मंत्री के जवाब के बाद विभाग की 22362 करोड़ 7 लाख 10 हजार रुपए की अनुदान मांगों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया. इससे पहले तीन घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा का जवाब देते हुए शुक्ल ने कहा कि चिकित्सकों और विशेषज्ञों की पर्याप्त उपलब्धता के लिए नवीन मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं. विगत 2 वर्षों में प्रदेश में लगभग 1000 एमबीबीएस एवं 1 हज़ार पीजी सीटों की बढ़ोतरी हुई है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के साथ चिकित्सकीय मैनपावर की उपलब्धता के सतत प्रयास किए जा रहे हैं. विगत 2 वर्षों में प्रदेश में 4 हज़ार चिकित्सक एवं विशेषज्ञ की भर्ती हुई है.

### हार्ट, लीवर, आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा होगी

शुक्ल ने कहा कि सीएम केयर योजना में सभी मेडिकल कॉलेज में उच्च स्तरीय तृतीयक सेवाओं हार्ट, किडनी, लिवर और अन्य महत्वपूर्ण ऑर्गन ट्रांसप्लांट सहित ट्रॉमा सेंटर सशक्तीकरण के प्रावधान किए जा रहे हैं. अंगदान, देहदान प्रोत्साहन से प्रदेश में अंगदान के प्रति जागरूकता में बढ़ोतरी हुई है. योजना के क्रियान्वयन से अब तक 1700 नागरिकों ने अंगदान की सहमति दी है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विगत वर्षों में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मैदानी कार्यकर्ताओं आशा और एएनएम की सक्रिय भागीदारी से हर गर्भवती महिला का पंजीयन सुनिश्चित कर नियमित एएनसी जांच की जा रही है जिससे सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं. अभी भी इस क्षेत्र में जागरूकता आवश्यक है. परिजन को जागरूक और संवेदनशील बनाना होगा जिससे हाई रिस्क प्रेगनेंसी का समय से चिन्हांकन और उपयुक्त उपचार का सुव्यवस्थित प्रबंधन किया जा सके.

### असमर्थ वृद्धजनों को घर पर देखभाल की सुविधा

शुक्ल ने कहा कि वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में सरकार द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं. वृद्धजनों के लिए जिला चिकित्सालयों में 10 बिस्तरीय जेरियाट्रिक वार्ड, बेड चिन्हित किये गये है. जनवरी 2026 से नि:शक्त एवं चलने-फिरने में असमर्थ वृद्धजनों को घर पर नर्सिंग देखभाल दी जा रही है. प्रशिक्षित नर्सिंग अधिकारी व आशा कार्यकर्ता भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा व उज्जैन में 2923 वृद्धजन पंजीकृत कर चुके हैं. चर्चा में पक्ष-विपक्ष के दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया.

## प्रदर्शन से घंटों लगा रहा जाम

**जबलपुर,26 फरवरी.** तिलवारा थाना अंतर्गत ग्राम सिवनीटोला स्थित टोल प्लाजा पर कल हुए धरना-प्रदर्शन के कारण घंटों लगे जाम ने राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दीं थीं एम्बुलेंस, स्कूल बसें भी जाम में फंस गई थी। इस मामले में अब पुलिस ने रास्ता बाधित करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बहुजन चेतना विकास मोर्चा के अध्यक्ष समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के मुताबिक दुर्गेश यादव (24) ने बताया कि 24 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी बीमार मामी आशा यादव को सुखसागर मेडिकल अस्पताल से इलाज कराकर वापस मनेरी छोड़ने जा रहा था।

# ठाटीपुर में 40 लाख की धोखाधड़ी, केस दर्ज

**ग्वालियर,26 फरवरी. मकान के सौदे के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. ठगों ने एक ही मकान को कई लोगों को बेचने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़प लिए. पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

### शुक्ला भवन प्रॉपर्टी फ्रॉड

ग्वालियर के शैलेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया कि उन्होंने रामकृष्ण आश्रम रोड, ठाटीपुर स्थित शुक्ला भवन को 2.27 करोड़ रुपये में खरीदने का सौदा तय किया था. यह सौदा मकान मालिक केशव शुक्ला और ज्योति देवी से हुआ था. दोनों आरोपी समय-समय पर मकान आते-जाते थे और खुद को वैध मालिक बताकर संपत्ति बेचने की बात कहते थे.




बातचीत आगे बढ़ने पर शैलेंद्र ने एग्रीमेंट करने की बात रखी, जिसके बाद 2024 में दोनों ने एग्रीमेंट कर दिया और बदले में 40 लाख रुपये भी ले लिए. रजिस्ट्री की तारीख तय करने की बात आने पर दोनों आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे. कई बार आग्रह करने पर भी रजिस्ट्री नहीं की गई, जिससे शैलेंद्र को शक हुआ.

थाटीपुर थाना पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की है. प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने केशव शुक्ला और ज्योति देवी सहित अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. थाटीपुर टीआई विपेंद्र सिंह चौहान के अनुसार, एक ही मकान का सौदा तीन अलग-अलग लोगों से किया गया है. पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है.

शैलेंद्र सिंह ने अपने स्तर पर जांच कराई तो पता चला कि जिस मकान का सौदा उन्होंने किया था, उसी संपत्ति का एग्रीमेंट दोनों आरोपी इससे पहले दो अन्य लोगों से भी कर चुके थे, और उनसे भी रकम ले चुके थे. इस खुलासे के बाद पीड़ित ने थाटीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई.

# गिरफ्तारी क्या, हम पार्टी के लिए जान भी दे देंगे

**ग्वालियर,26 फरवरी.** दिल्ली के एआई समिट में हुए शर्टलेस प्रदर्शन के बाद ग्वालियर में यूथ कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी का मामला गरमाया हुआ है. दिल्ली पुलिस के हाथों गिरफ्तार हुए ग्वालियर के युवा कांग्रेस नेता राजा गुर्जर के पिता वीरेंद्र गुर्जर का कहना है कि पार्टी के लिए राजा की गिरफ्तारी क्या है, यदि उसकी जान भी चली जाए तो हमें कोई दिक्कत नहीं.

ग्वालियर के यूथ कांग्रेस नेता राजा गुर्जर को दिल्ली पुलिस ग्वालियर पहुंचकर गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई थी. सरकार इन लोगों की हरकत को देश का सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाला बता रही है. वहीं, पूरी कांग्रेस पार्टी अपने युवा कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी है. दिल्ली में हुए इस पूरे घटनाक्रम के बाद खुद राहुल गांधी ने भी भोपाल दौरे के दौरान प्रदर्शन करने वाले

### वीरेंद्र गुर्जर बोले- हम हैं पक्के कांग्रेसी


युवाओं को 'बब्बर शेर' बताते हुए उनका हौसला बढ़ाया था. अब राजा गुर्जर के पिता वीरेंद्र गुर्जर ने राजा गुर्जर को पार्टी का सिपाही कहा है. उन्होंने कहा कि हम पक्के कांग्रेसी हैं.

# डबरा से जाएगी मां वैष्णो देवी यात्रा

## डॉ. नरोत्तम मिश्रा के साथ सैकड़ों श्रद्धालु होंगे रवाना

**ग्वालियर,26 फरवरी.** डबरा से इस वर्ष भी होली के अवसर पर मां वैष्णो देवी की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक यात्रा में पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालु और कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। यह यात्रा 1 मार्च को मालवा एक्सप्रेस से डबरा से कटरा के लिए रवाना होगी, जहां से श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दरबार में दर्शन करेंगे। यह यात्रा लगभग 4 दिनों की होगी।

पिछले कई वर्षों से यह धार्मिक यात्रा डॉ. नरोत्तम मिश्रा




के नेतृत्व में आयोजित होती आ रही है, जिसमें ग्वालियर, डबरा, दतिया सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए पहले से ही ट्रेन में रिजर्वेशन की व्यवस्था की गई है, जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बीआरटीएस हटाने में देरी को लेकर हाईकोर्ट नाराज

**इंदौर,26 फरवरी.** नगर निगम द्वारा बीआरटीएस सड़क से बस स्टॉप और रैलिंग हटाने में देरी करने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है. आज सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि भोपाल में बीआरटीएस तत्काल हटा दिया गया. इंदौर में नगर निगम के पास अमला होने के बाद भी अभी तक मामला लटका हुआ है. हाईकोर्ट ने एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर भी संबंधित को अगली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिए है.

बीआरटीएस सड़क हटाने को लेकर अधिवक्ता अजय बागड़िया ने याचिका दायर की है. उक्त याचिका कर साथ शहर के यातायात और एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर भी बगड़िया की याचिका के साथ हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है. आज हाईकोर्ट के जस्टिस विनय कुमार शुक्ला और आलोक कुमार अवस्थी की डबल बेंच में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान दोनों जस्टिस ने बीआरटीएस सड़क तोड़ने का नगर निगम द्वारा धीमा काम करने पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि आखिर कब तोड़ेंगे. निगम की ओर से प्रस्तुत जवाब में 20 फरवरी को 8 एजेंसियों के को देने का बताया गया. अप्रैल तक तोड़ने का समय मांगा. इस पर अधिवक्ता बगड़िया ने कहा कि पहले 15 फरवरी से काम शुरू होने का बताया और अब 20 फरवरी को

# 170 कारतूसों समेत पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**जबलपुर,26 फरवरी.** क्राइम ब्रांच और गोसलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहतरा टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर एक सफेद रंग की हुंडई कार से दो युवकों को दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल और 170 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं, जो वे उत्तर प्रदेश से तस्करी कर लाए थे।

### यूपी से लाए थे खेप

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कटनी की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 6302 में अवैध हथियारों की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। इस पर टीम ने टोल प्लाजा पर



जाल बिछाया और संदिग्ध वाहन को रुकवाया। कार में सवार दो युवकों की पहचान दरोगा उर्फ विशाल पाण्डे 25 वर्ष, निवासी महाराजपुर और आदर्श बेन 22 वर्ष, निवासी सुहागी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान विशाल पाण्डे की कमर से एक देशी पिस्टल और डैशबोर्ड से 160 (32 बोर) कारतूस मिले। आदर्श बेन के पास से 10 (315 बोर) के कारतूस बरामद हुए।

### उत्तर प्रदेश से जुड़े तार

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ये कारतूस उत्तर प्रदेश के अतर्रा (बांदा) से भोला मामा नामक व्यक्ति से 80,000 रुपये में खरीदकर लाए थे। इसमें विशाल ने 72,000 और आदर्श ने 8,000 रुपये का निवेश किया था। पुलिस अब इस गिरोह के मुख्य सप्लायर की तलाश में जुट गई है।

## एक नजर में



### कार में ऑनलाइन सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार

**जबलपुर.** रांझी पुलिस ने टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो सटोरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया जो कार के भीतर बैठकर श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड मैच पर दांव लगवा रहे थे। थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामनगर रांझी स्थित सामुदायिक भवन मेमोरी तिराहा के पास एक कार एमपी स्क20 जेड जी 0030 में बैठकर कुछ युवक मोबाइल पर सट्टा खिला रहे हैं। पुलिस ने टीम गठित कर दबिश दी और घेराबंदी कर कृष्णा नामदेव निवासी आदर्श मार्केट और अनमोल पटारिया उर्फ बीसू निवासी दर्शन तिराहा को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के मोबाइल में क्रिकेट गुरु और थर्ड आई जैसे एप्लिकेशन खुले मिले, जिनमें मैच के भाव और रनों पर दांव लगाया जा रहा था। पुलिस ने उनके पास से 4 महंगे मोबाइल, नगद 20,350 व सट्टे में प्रयुक्त कार एमपी 200 जेड जी 0030 जब्त की है।

### चौकीदार पर लाठी-डंडों से हमला

**इंदौर.** पलासिया थाना क्षेत्र में नशेड़ियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात एक चौकीदार को सिर्फ इसलिए लहूलुहान कर दिया क्योंकि उसने उन्हें नशा करने से रोका था. आरोपियों ने चौकीदार का पीछा कर सुनसान इलाके में उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया. घायल को गंभीर अवस्था में महाराजा यशवंतराव अस्पताल में भर्ती कराया गया है. लाल का बगीचा निवासी सोनू पलासिया स्थित लकी हाईलाइट बिल्डिंग में चौकीदारी का काम करता है. ड्यूटी के दौरान उसने बिल्डिंग के पास स्थित मल्टी के समीप 4-5 युवकों को गांजा पीते देखा. जब सोनू ने उन्हें वहां से जाने को कहा और आपत्ति जताई, तो युवक विवाद करने लगे. ड्यूटी खत्म कर जब सोनू अपने घर लौट रहा था, तभी आरोपियों ने उसका पीछा शुरू कर दिया. लाल के बगीचे के पास बड़े कुएं के समीप आरोपियों ने उसे अकेला पाकर घेर लिया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. गंभीर चोटें आने के कारण सोनू वहीं गिर पड़ा, जिसे परिजनों ने तुरंत अस्पताल पहुँचाया. इसी तरह पिपलिया कुमार काकड़ क्षेत्र में भी मारपीट की एक वारदात सामने आई है. यहाँ 34 वर्षीय अर्जुन को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ते में रोककर अकारण हमला कर दिया. घायल अर्जुन को भी उपचार के लिए बड़े अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस दोनों ही मामलों में अज्ञात हमलावरों की पहचान के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश जारी है.

### कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई

# ऐलिवेटेड रोड के पास हनुमान बांध में आईं दरारें

**ग्वालियर,26 फरवरी.** ऐलिवेटेड रोड के पास हनुमान बांध पर गंभीर दरारें आ गई है। कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने इस संबंध में नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के अनुसार, बांध के दो पिलरों के बीच लगभग 2 मीटर का स्पैन है, जहां पूरे स्पैन की दीवार तक की कंक्रीट टूटकर नीचे गिर गई है। इससे स्लैब पुल की संरचना कमजोर हो गई है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तत्काल राफ्टर सपोर्ट देकर स्लैब को सहारा दिया जाए तो पुल को सुरक्षित किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ऐलिवेटेड रोड बनने के बाद से भारी वाहनों की



आवाजाही लगातार बढ़ी है। भारी ट्रकों और डंपरों के गुजरने से हनुमान बांध में कंपन उत्पन्न हो रहा है, जिसके कारण पिलरों और स्लैब में दरारें आ गई हैं। साथ ही आसपास की सड़कों पर भी गड्ढे बनने लगे हैं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी टीम से जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जब तक मरम्मत कार्य पूरा न हो जाए, तब तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

## 6.35 लाख की धोखाधड़ी

**इंदौर,26 फरवरी.** खुडैल क्षेत्र में आरोपी दंपती ने अधिकार न होते हुए मकान बेच दिया और 6.35 लाख की धोखाधड़ी कर दी. पुलिस ने फरियादी दौलतसिंह की रिपोर्ट पर आरोपी भैयालाल पिता राजाराम पंवार निवासी ग्राम उमरियाखुर्द और जमना बाई पति भैयालाल के खिलाफ केस दर्ज किया है. फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने 25 अप्रैल 2023 को ग्राम उमरियाखुर्द मे शासकीय भूमि पर बने मकान को अपना बताते हुए और खरीदने बेचने का अधिकार न होते हुए भी बेच दिया और 6 लाख 35 हजार रूपए ले लिए. पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

# बरेठा टोल फायरिंग कांड का खुलासा

**ग्वालियर,26 फरवरी. बरेठा टोल प्लाजा पर हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी महाराजपुरा यशवंत गोयल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की गहन जांच की।**

पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के लगभग 300 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके बाद थाना मुरार क्षेत्र के 7 नंबर चौराहे के पास एक होटल से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अश्वनी भदौरिया (22) निवासी भिण्ड और निखिल चौहान (19) निवासी गाजीपुर (उ.प्र.) के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने बरेठा टोल पर फायरिंग की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि

### दो आरोपी गिरफ्तार

मुख्य आरोपी अश्वनी भदौरिया एक वर्ष पूर्व टोल कर्मियों से हुए विवाद के चलते आक्रोशित था। उसी रंजिश में उसने टोल बूथ पर चिट्ठी देकर फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल, 32 बोर पिस्टल, जिंदा कारतूस, दो हेलमेट और दो गमछे बरामद किए हैं।

### छापामार कार्रवाई | दंपति गिरफ्तार, 69 हजार की नशे की खेप बरामद

# घर से हो रही थी गांजा-नशीली दवा की सप्लाई

नवभारत न्यूज

**सतना,26 फरवरी . मैहर में पौने 5 लाख रु का गांजा और नशीली दवा की खेप पकड़े जाने की जांच अभी चल ही रही थी कि अगले ही दिन इसी तरह का एक और मामला सामने आ गया. घर में नशे की खेप को छिपाकर रखने के बाद उसकी सप्लाई करने के आरोप में दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस की छापेमार कार्रवाई में 69 हजार रु का गांजा और नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप की खेप बरामद की गई है.**

मैहर जिले के रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि अमिलिया गांव के निवासी शंभू पटेल उम्र 34 वर्ष के घर में गांजा और नशीली कफ सीरप की खेप पहुंची हुई है. इतना ही नहीं बल्कि घर में नशे की खेप को छिपाकर रखने के साथ ही शंभू की पत्नी श्रीमती तुलसा पटेल उम्र 30 वर्ष द्वारा उसकी ब्रिकी भी की जा रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरु की. घर के अंदर पहुंचकर तलाशी लिए जाने पर पुलिस टीम को एक काले रंग की बोरी रखी नजर आई. जिसे खोलकर देखने पर उसमें गांजा और नशीली कफ सीरप रखी मिली. बोरी ममें कुल 4 किलो 370 ग्राम गांजा छिपाकर रखा गया था. जिसकी कीमत 45 हजार रु आंकी गई. इसके साथ ही बोरी में नशीली कफ सीरप की 120 शशियां मिली. जिसका बाजार मूल्य 24 हजार 120 रु बताया गया. पुलिस द्वारा नशे की खेप को जब्त करने के साथ ही मौके से तुलसा पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया.

कार्रवाई पूरी कर लौट रही पुलिस टीम को घर के निकट ही शंभू भी नजर आ गया. हलांकि पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया. लेकिन कुछ देर में ही पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया. दंपत्ति के विरुद्ध धारा 8,20 बी, 21 22 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई.

### सोर्स की अनदेखी...

पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार अभियान छेड़ा गया है. आईजी द्वारा मातहत अमले को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विंध्य में नशे के काले कारोबार को समाप्त करने के लिए आवश्यक है कि पुलिस सोर्स तक भी पहुंचे. लेकिन पुलिस द्वारा अब तक नशे के विरुद्ध जितनी भी कार्रवाई की गई है वह नशीले पदार्थों की जब्ती और आरोपियों की गिरफ्तारी से आगे बढ़ती नजर नहीं आ रही है. जिसके चलते लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद भी नशे का नेटवर्क ध्वस्त होता दिखाई नहीं दे रहा है.

# पांचों अफगानियों को भेजा गया जेल

**जबलपुर,26 फरवरी.** फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनावने के मामले में कोलकाता से दबोचे गए पांचों अफगानियों की बुधवार को रिमांड खत्म होने पर एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से पांचों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

रिमांड के दौरान एटीएस ने आरोपियों

### रिमांड खत्म

से फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेज जब्त करने के साथ लंबी पूछताछ की। पासपोर्ट बनवाने से लेकर पुलिस वेरिफिकेशन, पोस्ट ऑफिस से पासपोर्ट हासिल करवाने, मददगारों समेत अन्य बिन्दुओं पर पूछताछ की जिसमें अफगानियों ने नए राज भी उगले। जिस पर एटीएस की आगे की तफ्तीश जारी है और इस मामले में कई संदेह के दायरे में आ गए है।

विदित हो कि एटीएस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाकर अवैध रूप से जबलपुर में रह रहे घुसपैठियों पर 31 जुलाई 2025 में एक्शन लेते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया था। अफगानी नागरिक सोहबत खान पिता बदरुद्दीन खान, मोहम्मद अकबर 53 वर्षीय, इकबाल पिता असलम खान 27 वर्ष समेत जाली दस्तावेजों को बनवाने में मदद करने वाले चंदन सिंह ठाकुर पिता अमर सिंह ठाकुर निवासी शंकर शाह नगर रामपुर छापर समेत दिनेश गर्ग पिता श्रवण कुमार गर्ग, 40 वर्ष विजय नगर, महेंद्र कुमार निवासी कटंगा को भी गिरफ्तार किया था। इसके बाद एटीएस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो पता चला कि अफगानी रजा खान, सुल्तान, जिया उल रहमान, सैयद मोहम्मद, जफर खान भी कई साल पहले फर्जी पासपोर्ट के जरिए भारत आए थे। इसके बाद कोलकाता में बस गए थे और वहां पर सूदखोरी का धंधा कर रहे थे इसके बाद एटीएस ने कोलकाता से इन्हें भी दबोचा और सभी को शहर लाने के बाद 22 फरवरी को को कोर्ट में पेश कर 25 फरवरी तक रिमांड में लिया था। सूत्रों की माने तो पूछताछ में यह बात भी सामने आई कि सोहबत ने इनके जाली दस्तावेज, फर्जी पासपोर्ट बनवाया था। इसके एवज में ढाई-ढाई लाख रूपए प्रत्येक से लिए थे। सभी के दमोह स्थित पासपोर्ट कार्यालय से पासपोर्ट बनवाये थे।